तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 5 मई 2026

12 रॉट आयरन निर्माण प्रक्रिया से रूबरू हुई जयपुर की टीम



13 मेले में दिखी आदिवासी लोक संस्कृति की झलक





## खबर संक्षेप

### पार्टी की ऐतिहासिक जीत, नए भारत के संकल्प की विजय : देव



जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव परिणामों में भाजपा और एनडीए को मिली प्रचंड जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और विकासवाद की जीत बताया है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के नतीजों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यहां पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार का गठन राज्य के इतिहास में एक नया अध्याय है। यह जीत भारतीय जनसंघ अब भाजपा के संस्थापक और बंगाल के महान सपूत अमर बलिदानी डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को बंगाल की जनता की ओर से दी गई सबसे सच्ची और भावपूर्ण श्रद्धांजलि है। जिस एक विधान, एक निशान और एक प्रधान का सपना उन्होंने देखा था, बंगाल की जनता ने उस पर अपनी मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि असम की जनता ने लगातार तीसरी बार भाजपा पर भरोसा जताकर यह साबित कर दिया है कि उत्तर-पूर्व अब अलगाववाद नहीं, बल्कि विकास की मुख्यधारा के साथ मजबूती से खड़ा है। पुडुचेरी में भाजपा और गठबंधन के शानदार प्रदर्शन को उन्होंने सेवा और समर्पण की जीत बताया।

तुष्टीकरण की राजनीति का अंत प्रदेशाध्यक्ष ने कहा, ऐतिहासिक सफलता के लिए केंद्रीय नेतृत्व, छत्तीसगढ़ समेत संबंधित राज्यों के कर्मठ कार्यकतार्ओं और जनता जनार्दन का आभार व्यक्त किया है। यह नतीजे स्पष्ट करते हैं कि तुष्टीकरण की राजनीति का अंत हो चुका है। देश केवल राष्ट्रवाद व अंत्योदय की राजनीति को स्वीकार कर रहा है।

### जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर मनाया जश्न



जगदलपुर। लोहण्डीगुड़ा मंडल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकतार्ओं ने पश्चिम बंगाल, असम सहित अन्य राज्यों में जीत पर खुशी का प्रदर्शन करते जश्न मनाया। एक दूसरे को बधाई देकर मिठाइयां बांटकर खुशियां जाहिर की। मंडल अध्यक्ष मंगतु ने कहा यह विजय लोकतंत्र की ताकत और जनता के विश्वास का प्रतीक है। आशा है कि यह जीत राज्य के विकास,शांति और समृद्धि के नए द्वार खोलेगी। इस अवसर पर मंडल प्रभारी नारायण ठाकुर, महामंत्री सावेंद्र सेठिया, जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान कश्यप, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, नरसिंह ठाकुर, मिडिया प्रभारी भरत कश्यप, तरूण पानीग्राही, म्मंगला मुचाकी, मनीष पोयाम, डमरू भारद्वाज, विकेश रंगारी,अजय बघेल, लिबरू कश्यप, शिवनन्दन पेगड़, लखन शेष पेज 12 पर

## इनोवेशन महाकुंभ 1.0: बस्तर को ट्राइबल इनोवेशन हब बनाने का आह्वान

# प्राकृतिक संसाधनों के साथ समृद्ध आदिवासी कला संस्कृति व पर्यटन की अपार संभावनाएं : राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्व विद्यालय में आयोजित "इनोवेशन महाकुंभ 1.0" के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य को लेकर विश्वास जताया। उन्होंने कहा बस्तर में नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत शुरुआत है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व के सबसे युवा देशों में शामिल है, ऐसे में युवाओं को नौकरी खोजने के बजाय नौकरी देने वाला बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इसके लिए उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को अपनाना जरूरी है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वनों की सुरक्षा, नैसर्गिक नदी-नाले का संरक्षण करने सहित उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग कर समावेशी विकास की अवधारणा को अपनाने की जरूरत बताई। राज्यपाल ने बस्तर के बदलते स्वरूप का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय चुनौतियों के लिए पहचाना जाने वाला यह क्षेत्र अब विकास की नई राह पर अग्रसर है। यहाँ महुआ, इमली, तेंदूपत्ता, रेशम जैसे प्राकृतिक संसाधनों के साथ समृद्ध आदिवासी कला, संस्कृति और पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। डिजिटल सुविधाओं के विस्तार ने भी नए अवसर खोले हैं। नई शिक्षा नीति 2020 का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं, बल्कि कौशल, नवाचार और आत्मनिर्भरता पर आधारित है। उन्होंने "सीखो, लागू करो, नया सोचो, कमाओ" के सूत्र को अपनाने का आह्वान किया। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय "ज्ञान से व्यवसाय" मॉडल के माध्यम से छात्रों को अपने विचारों को स्टार्टअप में बदलने का अवसर दे रहा है, जिससे भविष्य में रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। उन्होंने स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि महुआ, इमली जैसे उत्पादों को ब्रांड बनाकर बाजार तक पहुंचाना होगा। कच्चा माल बेचने के बजाय स्थानीय स्तर पर मूल्य संवर्धन कर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा शेष पेज 12 पर

■ शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय में भव्य शुभारंभ





**पुस्तक का विमोचन:** राज्यपाल ने इनोवेशन एण्ड स्टार्टअप कंपेडियम पुस्तक का विमोचन किया। साथ ही उन्होंने पद्मश्री डॉ. बुधरी ताती को सम्मानित किया। इस मौके पर कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुन्दरराज पी, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा और अन्य अधिकारियों सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए विशषज्ञों के अलावा विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्राध्यापक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं युवा मौजूद थे।

## बस्तर अब शांति और विश्वास का गढ़ : डेका

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि बस्तर अब शांति और विश्वास का गढ़ बन चुका है, ऐसे में यहां शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में नवाचार आधारित कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बदलते बस्तर की इस सकारात्मक छवि को आगे बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध और अभिनव प्रयास जरूरी हैं। राज्यपाल ने सोमवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में बस्तर जिले के विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए जल संचयन संरचनाओं के साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अधिकाधिक पौधरोपण कर जनसहभागिता के साथ पौधों की देखभाल करने पर बल दिया। राज्यपाल ने जोर देते हुए कहा कि बस्तर क्षेत्र में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए स्थानीय जरूरतों के अनुरूप विकास मॉडल तैयार किया जाए। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता निरूपित करते हुए ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल से शेष पेज 12 पर

■ अधिकारियों की बैठक में बस्तर को समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का आह्वान



### बस्तर में विकास की अपार संभावनाएं



राज्यपाल ने यह भी कहा कि बस्तर में शांति स्थापित होने के बाद विकास की अपार संभावनाएं खुली हैं, जिन्हें नवाचार और जनभागीदारी के माध्यम से साकार किया जा सकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों और समाज के विभिन्न वर्गों से मिलकर बस्तर को समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस मौके पर राज्यपाल श्री डेका ने कलेक्टोरेट परिसर में रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से टीबी उन्मूलन हेतु निक्षय मित्र के सहायता राशि से फूड बॉस्केट, मोतियाबिन्द पीड़ितों को ऑपरेशन पश्चात चश्मा और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निक्षय मित्र प्रमाण पत्र का वितरण किया और रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यता अभियान के लिए पदाधिकारियों से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम आम का पौधरोपण किया।

### कलेक्टर ने नवाचार की दी जानकारी

कलेक्टर आकाश छिकारा ने बस्तर जिले में की जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन और नवाचारों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। इसके अलावा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने जल-संवर्धन हेतु नागरिकों को प्रोत्साहित करना, पौधारोपण एवं पर्यावरण संवर्धन, जैविक कृषि को प्रोत्साहन, स्वच्छता के साथ जीवन शैली पर विशेष ध्यान, बेहतर स्वास्थ्य हेतु योग व्यायाम के प्रति जागरुकता सहित नक्सली समस्या पर जागरुकता एवं चर्चा, आकांक्षी जिला कार्यक्रम की जानकारी एवं प्रगति की जानकारी दी।

# खड़े ट्रक से टकराई बाइक, दो मेडिकल स्टूडेंट घायल, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

नगरनार थाना क्षेत्र स्थित चोकावाड़ा चौक में रविवार शाम खड़े ट्रक से टकराने से बाइक सवार दो मेडिकल स्टूडेंट घायल हो गए इनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के प्रथम वर्ष के कुछ छात्र रविवार की सुबह घूमने के लिए तिरिया गए हुए थे। जहां से वापस लौटने के दौरान एक बाइक चोकावाड़ा चौक में खड़े ट्रक से टकरा गई। बताया जा रहा है कि अचानक छात्र का नियंत्रण बिगड़ गया। इस हादसे में बाइक के पीछे बैठी छात्रा दूर जा गिरी। जबकि छात्र व्यास नारायण निवासी खैरागढ़ ट्रक से जा टकराया इस हादसे में छात्र को गंभीर चोट आई जिसे साथी छात्रों ने तत्काल ले जाकर उपचार के लिए मेकाज में भर्ती कराया जहां उनका उपचार जारी है। हादसे की जानकारी देते हुए छात्रों ने बताया कि रविवार को कुछ छात्रों ने घूमने जाने का प्लान बनाया था। उसके बाद सभी अपनी बाइक पर सवार होकर सुबह के समय तिरिया के लिए निकल गए। तिरिया जाने के बाद जब सभी छात्र बाइक से वापस जगदलपुर के लिए निकले तभी चोकावाड़ा चौक के करीब तूफान शुरू हो गया और बाइक खड़े ट्रक से जा टकराई। इस घटना में बाइक में पीछे बैठी छात्रा दूर जा गिरी और छात्र ट्रक से जा टकराया।

■ नगरनार थाना क्षेत्र के चोकावाड़ा चौक में हुआ हादसा



### एम्बुलेस से पहुंचाया अस्पताल

हादसे में घायल छात्र व्यास नारायण के सिर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई थी। अन्य साथियों ने एम्बुलेंस की मदद से पहले घायलों को महारानी अस्पताल ले गए उसके बाद सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल लाया गया। काफी देर तक चले उपचार के बाद छात्र को देर रात मेकाज में भर्ती किया गया है। छात्र की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। साथी छात्रों द्वारा घटना की जानकारी घायल छात्र के परिजनों को दे दी गई जिसके बाद देर रात ही परिजन भी मेकाज पहुंच चुके है।



### शिक्षक के सहज सरल व्यवहार की प्रशंसा करते बैंड बाजा के साथ स्टाफ ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

भगत सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल में सेवानिवृत्त व्याख्याता किरण कुमार चौहान को भावभीनी विदाई दी गई। सर्वप्रथम परिवार के सदस्यों के साथ उनका स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया। उन्हें प्राचार्य ने शाल श्रीफल एवं चांदी की मूर्ति आरती दीपक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। जिसका वाचन व्याख्याता चंद्र प्रकाश देवांगन ने किया। अन्य स्टॉफ ने उन्हें शाल एवं अन्य उपहार प्रदान किये। उनका सम्मान विद्यार्थियों एवं पूर्व छात्र छात्राओं ने किया। विदाई भोज के साथ केक काटकर और गुलाल लगाकर किया गया। प्राचार्या विनीता बेंजामिन ने उनके कार्यों की प्रशंसा करते अगले पारी के लिए शुभकामनाएं दी। संचालन चंद्र प्रकाश देवांगन एवं रोशनी सिंधे ने किया। अंत में बैंड बाजा के साथ विदा किया गया।

24 घंटे के भीतर पकड़ कर भेजा जेल

# पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पति को पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल करा दिया है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं आकांक्षा सिंग ठाकुर एसडीओपी कुआकोंडा के पर्यवेक्षण में पुलिस ने हत्या के आरोपी को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार किया। प्रार्थी अजय कुमार भास्कर 26 वर्ष ग्राम मोलासनार मांझीपारा थाना कुआकोंडा ने रिपोर्ट दर्ज कराया की 2 मई को मां सुखमति भास्कर घर के आंगन में बैठकर आम छील रही थी। शाम करीब 5 बजे पति लक्ष्मण भास्कर घर आया और आपसी विवाद के चलते जान से मारने की नीयत से हाथ में रखे हसिया नुमा धारदार कटरी से गले में वार कर गंभीर चोट पहुंचाया। सुखमति के चिल्लाकर भागने से तथा परिजन के आने पर आरोपी पति भाग गया। सुखमति के गले में गंभीर चोट लगने से घायल अवस्था में परिजनों ने तत्काल इलाज के लिए बचेली अपोलो हॉस्पिटल ले जाकर भर्ती किया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी लक्ष्मण भास्कर के विरुद्ध थाना कुआकोंडा में अपराध क्रमांक 18/2026 धारा 109 (1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी लक्ष्मण भास्कर 45 वर्ष को 3 मई को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जिला जेल दंतेवाड़ा भेजा।



### इनकी रही अहम भूमिका

कार्यवाही में निरीक्षक अर्जुन पटेल, उपनिरीक्षक खम्मन सिंग कोर्राम, प्रधान आरक्षक भारत नेताम, आरक्षक लक्ष्मीचंद, मोंटू बेरिहा, सत्यवान राही, मंगल नेताम, मनमोहन ठाकुर, मन्नू तामो शामिल रहे।

## 45 हजार से अधिक ग्रामवासियों की हुई स्क्रीनिंग

मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान में कोंटा ब्लॉक में जांच

# 2022 मरीज टीबी, बीपी, शुगर, खून की कमी और मुंह के कैंसर से पीड़ित मिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोंटा

मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान में कोंटा ब्लॉक में कुल 1,13,817 लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें अब तक 45,019 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच पूरी कर ली गई है। दूरस्थ और पहुँच विहीन अंचलों तक पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की संवेदनशीलता को दर्शाता है। अभियान के दौरान अब तक 2022 मरीज विभिन्न गंभीर एवं सामान्य बीमारियों जैसे मलेरिया, टीबी, बीपी, शुगर, खून की कमी, मुंह का कैंसर एवं मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए। इनमें से 789 मरीजों को एम्बुलेंस सुविधा के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पताल लाकर बेहतर उपचार उपलब्ध कराया गया तथा इलाज के बाद सुरक्षित उनके घर वापस पहुंचाया गया। यह अभियान ग्रामीणों के लिए एक भरोसेमंद जीवन रक्षक पहल बनकर सामने आया है।



### दूरस्थ गांव से लाए जा रहे मोतियाबिंद के मरीज

जिला मुख्यालय से लगभग 230 किलोमीटर दूर बसे दूरस्थ क्षेत्रों से भी मरीजों को चिन्हित कर जिला अस्पताल तक लाकर विशेष रूप से मोतियाबिंद के मरीजों का उपचार कराया जा रहा है। ग्राम जीनेलंका, बत्तीगुड़ेम एवं गोलापल्ली से मरीजों को ऑपरेशन हेतु जिला अस्पताल लाया गया है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। प्रशासन की यह पहल बस्तर अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।



## खबर संक्षेप

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 10 को

**कोण्डागांव।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 10 मई 2026 को किया जाएगा। परीक्षा को लेकर आवश्यक जानकारी जारी की गई है। प्रयास आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा के साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट और एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। प्रतिभावान विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य में मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। आदिवासी आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं प्रवेश परीक्षा 10 मई को आयोजित होगी। परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 10 बजे तक ओएमआर शीट भरने का समय रहेगा। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र निर्धारित लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं।

### नपं में समाधान शिविर का आयोजन 6 को



**मगरलोड।** 6 मई बुधवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन रामलीला मैदान अटल परिसर मगरलोड में होगा। शिविर में नगर पंचायत क्षेत्र के नागरिकों से प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित मांग, शिकायत एवं आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जाएगी। साथ ही जनहितकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। नगर पंचायत प्रशासन ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिविर में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का निराकरण के निर्देश दिए हैं।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में तृप्ति जिले में प्रथम रही

**अंवरी।** महाश्वेता शिशु मंदिर सुपेला की कक्षा सातवीं की छात्रा तृप्ति पिता धर्मेंद्र महिलांगे ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में पूरे धमतरी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय परिवार और उनके परिजनों ने हर्ष जताया है।

### सुशासन तिहार का समय बदला जाए : आशीष

**धमतरी।** बसपा नेता आशीष रात्रे ने शासन से मांग की है कि सुशासन तिहार का समय बदला जाए। 11 बजे से शाम 5 बजे तक सुशासन तिहार का शिविर आयोजित है जो न्याय संगत नहीं है। सुबह 8 बजे के बाद घर से निकलने के लिए लोग मजबूर हो गए हैं। तापमान बढ़ा हुआ है। कर्मचारियों का भी प्रशासन को ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने मांग कि है कि सुबह 8 बजे से 12 बजे तक सुशासन तिहार शिविर आयोजित किया जाए।

# योजनाओं की प्रगति की सटीक जानकारी पोर्टल में प्रतिमाह दर्ज कराई जाए : नूपुर

## कलेक्टर ने सुशासन तिहार आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने शिविरों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सुशासन तिहार के तहत आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक और जनसमस्या निवारण शिविरों की बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश सभी विभागों को दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविरों में आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं का समुचित लाभ दिया जाए तथा प्राप्त मांगों और शिकायतों पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अटल मॉनिटरिंग के तहत विभिन्न योजनाओं की जिला रैंकिंग की विभागवार गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं की प्रगति की सटीक जानकारी पोर्टल में प्रतिमाह दर्ज कराई जाए।



### कई योजनाओं की प्रगति पर चर्चा

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सूर्य घर योजना, पोषण अभियान, सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0, स्वच्छ भारत अभियान, महतारी वंदन योजना, हर घर जल योजना तथा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में डीएफओ चुड़ामणी सिंह, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## कोंडागांव की पारंपरिक शिल्पकला को मिलेगा नया बाजार

# रॉट आयरन निर्माण प्रक्रिया से रूबरू हुई जयपुर की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले की पारंपरिक शिल्पकला अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में राजस्थान की प्रतिष्ठित संस्था इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्राफ्ट्स एंड डिजाइन जयपुर के विशेषज्ञों ने कोंडागांव के ग्रामीण क्षेत्रें का दौरा किया। विशेषज्ञों ने गांव-गांव पहुंचकर स्थानीय शिल्पकारों से संवाद किया और उनके कार्यों का अवलोकन कर सराहना की। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक कला को आधुनिक बाजार की मांग के अनुरूप तैयार करना है। ग्राम करनपुर में ढोकरा शिल्प की जटिल निर्माण प्रक्रिया ने विशेषज्ञों को प्रभावित किया। वहीं ग्राम छोटेराजपुर और कुसमा में रॉट आयरन शिल्पकला का बारीकी से अध्ययन किया गया। विशेषज्ञों ने शिल्पकार समूहों से चर्चा कर विपणन, डिजाइन और बाजार की चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया।

- विशेषज्ञों ने किया दौरा जानी प्रक्रिया



### मोर सुआद व्यंजनों की सराहना

जयपुर से आए प्रतिनिधियों ने 'मोर सुआद' के तहत छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया और संचालन कर रही लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रशंसा की।

### आधुनिक डिजाइन और ब्रांडिंग पर जोर

विशेषज्ञों ने कहा कि यदि इन उत्पादों को आधुनिक डिजाइन, बेहतर फिनिशिंग और प्रभावी ब्रांडिंग मिले तो इनके मूल्य में कई गुना वृद्धि हो सकती है। आईआईसीडी जयपुर ने बस्तर के शिल्पकारों को जयपुर आमंत्रित किया है, जहां उन्हें ई-कॉमर्स, डिजाइन नवाचार और आधुनिक विपणन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पहल से शिल्पकारों को बड़े बाजारों तक पहुंच मिलेगी, जिससे उत्पादों की मांग बढ़ेगी और आय में वृद्धि होगी।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## शादी का झांसा देकर नाबालिग का शारीरिक शोषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराया गया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी सोमलाल यादव ने 16.04.2026 को थाना आकर मौखिक रिपोट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग बेटी 6 अप्रैल को सुबह 11 बजे से कही चली गई है। कहीं पता नही चल रहा है। मुझे शंका है कि मेरी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात आदमी उसे बहला-फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 10/2026 कायमी बाद मामला नाबालिग लड़की के होने से अपराध क्रमांक 27/2026 धारा 137(2) भा0न्या0सं0 2023 में कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक्र शंकर लाल धुरव के नेतृत्व में विवेचना के दौरान संदिग्ध मोबाइल नम्बर का करंट लोकेशन ट्रेक किया गया। लोकेशन के आधार पर सायबर सेल कोण्डागांव के मद्द से कौंगनापुरम् थाना कौंगनापुरम् जिला नामाकल (तामिलनाडु) पहुंचकर प्रकरण के नाबलिग पीड़िता और उसके साथ संदेही रघुनाथ यादव पिता फुलदेव यादव उम्र 20 वर्ष जाति राउत पता ग्राम राकसबेड़ा मंदिरपारा थाना माकड़ी जिला कोण्डागांव को साथ में लेकर थाना विश्रामपुरी आये। प्रकरण की नाबालिग पीड़िता से पूछताछ करने पर अपने साथ हुये अपराध के बारे में बताई। फिर संदेही रघुनाथ यादव से पूछताछ करने पर अपने मेमोरण्डम कथन में अपराध स्वीकार करते हुये घटित घटना को विस्तृत बताये। सम्पूर्ण वैधानिक कार्यवाही के बाद प्रकरण के आरोपी रघुनाथ को 3 मई गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय से ज्यूडिशियल रिमाण्ड प्राप्त कर जेल दाखिला कराया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव, प्रधान आरक्षक 2 देवार्चन सिदार, म.प्र.आर. 213 जयो चन्द्रवंशी, आरक्षक 985 राम नाग एवं सायबर टीम की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में मौलश्री का पौधा लगाया



**जगदलपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम पर मौलश्री का पौधरोपण किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि, अफसर व विवि स्टाफ मौजूद रहा।

# मिनी गोवा गंगरेल बांध में पर्यटकों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

जबलपुर स्थित बरगी बांध में क्रूज बोट हादसे के बाद अब धमतरी जिले के प्रसिद्ध गंगरेल बांध (मिनी गोवा) में पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। नर्मदा नदी पर बने बरगी बांध में अचानक आए तूफान से हुए दर्दनाक हादसे ने प्रदेशभर के पर्यटन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता बढ़ा दी है। घटना के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने गंगरेल बांध के बोटिंग प्वाइंट का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की। इस दौरान मॉकड्रिल आयोजित कर डूबते लोगों को बचाने का अभ्यास भी किया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी सुनिश्चित की जा सके। धमतरी जिले में स्थित गंगरेल बांध प्रदेश का सबसे बड़ा जलाशय माना जाता है, जिसकी जलभराव क्षमता 32 टीएमसी और विस्तार लगभग 95 वर्ग किलोमीटर है। मिनी गोवा के नाम से प्रसिद्ध इस पर्यटन स्थल पर विभिन्न कंपनियों द्वारा वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां संचालित की जाती हैं। रविवार को ऑफ-सीजन होने के कारण कम संख्या में बोट संचालित हो रही थी, जिनमें बच्चे, कपल और परिवार के सदस्य सवार थे। कई पर्यटकों ने बोटिंग के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं पर संतुष्टि भी जताई।

# साफ्टवेयर ही तैयार नहीं, कैसे मिलेगी किसानों को खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

साफ्टवेयर तैयार नहीं होने से किसानों को खाद मिलना मुश्किल हो गया है। अप्रैल माह से नाममात्र ही खाद का वितरण किया गया है। उधर खाद संकट की खबर से किसान ने अभी से खाद का स्टाक करना शुरू कर दिया है। उन्हें खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए अब किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन के आधार पर ही खाद दी जाएगी। यूरिया, डीएपी, पोटाश सहित अन्य सभी खाद को सरकार द्वारा किसानों को बड़ी सब्सिडी देकर मुहैया कराया जाता है। इस खाद का इस्तेमाल वास्तविक किसान कर सके और कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता और उर्वरकों की सही उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने एग्रीस्टेक माध्यम से खाद वितरण अनिवार्य कर दिया है। यह व्यवस्था इस खरीफ सीजन से लागू कर दी है।

विडंबना यह है कि इस व्यवस्था के तहत किसानों को खाद उपलब्ध कराने के लिए साफ्टवेयर तो तैयार कर लिया गया है, लेकिन अभी तक साफ्टवेयर ट्रायल रन में है। इस साफ्टवेयर से खाद वितरण शुरू नहीं किया गया है। उधर खरीफ सीजन शुरू हो गया है। रबी सीजन से खाद संकट की स्थिति को देखते हुए किसान अभी से खाद, बीज के इंतजाम में जुट गए हैं। खाद नहीं मिलने पर उन्हें भटकना पड़ रहा है।



### बिना पंजीयन नहीं मिलेगी खाद

इस व्यवस्था के लागू होने के बाद किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन होने पर ही खाद दी जाएगा। जानकारी के अनुसार जिले में 1 लाख 30 हजार से ज्यादा किसान हैं। पिछले खरीफ सीजन में करीब एक लाख 1 लाख 27 हजार किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था। इसमें से 1 लाख 20 हजार किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन हो चुका है। किसानों का पंजीयन जारी है।

### लिमिट में मिलेगी खाद

खाद का दुरूपयोग रोकने के लिए किसानों को अब लिमिट में खाद मुहैया कराई जाएगी। इस साल से ई-उर्वरक सॉफ्टवेयर के माध्यम खाद का वितरण किया जाएगा, जिसमें किसानों को उनके पास उपलब्ध जमीन के हिसाब से ही खाद दी जाएगी। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही साफ्टवेयर पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। इसके बाद किसानों को खाद का वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

### पर्याप्त है स्टॉक

खाद संकट की स्थिति को देखते हुए जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण किया गया है। जानकारी के अनुसार जिले के गोदामों में 22100 टन खाद का भंडारण किया जा सकता है। इसके विरूद्ध गोदामों में 15935 जमा है, जिसमें प्रारंभिक स्कंध और भंडारण शामिल है। खाद का स्टॉक भंडारण क्षमता का 72 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि इतना भंडारण होने के बाद भी किसानों को खाद का वितरण नहीं हो पा रहा है।

# भर्ती: पात्र- अपात्र सूची जारी, दावा-आपत्ति लेंगे 11 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती प्रक्रिया के तहत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थियों से दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। जिला कोंडागांव में बाल देखरेख संस्था संचालन हेतु परामर्शदाता, परिवीक्षा अधिकारी, केसवर्कर, बाल कल्याण अधिकारी, हाउस फादर-मदर, पैरामेडिकल स्टाफ, लेखापाल, योग शिक्षक, रसोईया, चौकीदार, हाउसकीपर, एजुकेटर, आर्ट क्राफ्ट शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सहित कई पदों के लिए आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी एवं परीक्षण के बाद पदवार पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर अवलोकन के लिए अपलोड की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार अभ्यर्थी यदि सूची पर कोई दावा या आपत्ति करना चाहते हैं, तो 11 मई शाम 5:30 बजे तक आवश्यक दस्तावेजों सहित लिखित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा-आपत्ति आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कक्ष क्रमांक 92, कलेक्ट्रेट परिसर, कोंडागांव में स्पीड पोस्ट, डाक या स्वयं उपस्थित होकर जमा किया जा सकता है।

## इरागांव में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दे रहीं नई दिशा

# डिजिटल सशक्तिकरण की मिसाल बनीं बीसी सखी 'संतोषी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

केशकाल विकासखंड के ग्राम इरागांव निवासी संतोषी सिन्हा आज ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। उन्होंने मेहनत और लगन से न केवल स्वयं को सशक्त बनाया, बल्कि गांवों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच भी बढ़ाई है। संतोषी सिन्हा ने वर्ष 2018 में बीसी सखी के रूप में कार्य शुरू किया।

- 3500 खाते खुलवाए, 25 हजार से ज्यादा लेनदेन कर चुकी

संतोषी "सीता सावित्री स्व-सहायता समूह" से जुड़ी हैं और सीएससी के माध्यम से सेवाएं दे रही हैं।अब तक उन्होंने 3500 से ज्यादा बैंक खाते खुलवाए हैं और 25 हजार से अधिक लेन-देन कर चुकी हैं। इन लेन-देन की कुल राशि 3.5 करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने 212 पेंशनधारियों को नियमित भुगतान दिलाया है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के 75 हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने में सहयोग किया है। संतोषी ने 900 लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, 200 लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और 40 लोगों को अटल पेंशन योजना से जोड़ा है। संतोषी सिन्हा आज राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रें में आर्थिक सशक्तिकरण और डिजिटल समावेशन का मजबूत उदाहरण बन चुकी हैं।



### गांव में दे रहीं कई डिजिटल सेवाएं

उनके सेवा केंद्र से एलआईसी प्रीमियम जमा, मोबाइल-टीवी रिचार्ज, नगद जमा-निकासी, धन अंतरण, बिजली बिल भुगतान, आयुष्मान कार्ड निर्माण और पीएम किसान केवाईसी जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। कोरोना महामारी के दौरान जब कई सेवाएं बाधित थीं, तब भी संतोषी सिन्हा ने घर-घर पहुंचकर बुजुर्गो् को पेंशन और श्रमिकों को भुगतान उपलब्ध कराया। वर्तमान में वे प्रतिमाह लगभग 10 से 11 हजार रुपये तक कमीशन अर्जित कर रही हैं। अब तक करीब 6.25 लाख रुपये की आय प्राप्त कर चुकी हैं।

## पेज 11 के शेष

### प्राकृतिक संसाधनों के ...

में काम करना होगा। युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि आज मोबाइल फोन ही सबसे बड़ा बाजार बन चुका है। व्हाट्सएप बिजनेस, इंस्टाग्राम और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से उत्पादों को वैश्विक स्तर तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से तकनीक का उपयोग करने, जोखिम लेने और असफलता से सीखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति एवं टीम को इस पहल के लिए बधाई देते हुए बस्तर को नवाचार और उद्यमिता का केंद्र बनाने के लिए सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय इनोवेशन महाकुंभ के प्रारंभिक सत्र में वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पांडेय, पद्मश्री बुधरी ताती, बस्तर राजपरिवार के कमलचंद्र भंजदेव, चेयरमैन एनईटीई अनिल डी सहस्त्रबुद्धे, कुलपति प्रो.मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य विशेषज्ञों की मौजूदगी रही।

बस्तर के हुनर को बाहर की दुनिया में ले जाना है : वन मंत्रीः वन मंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर की हुनर और क्षमता को बाहर की दुनिया में लाना है। बस्तर की संस्कृति- कला को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। बस्तर के शिल्प, कला, खानपान की संस्कृति को, वनधन को संवर्धन और संरक्षण के साथ व्यापक रूप से रोजगार और स्व रोजगार से जोड़ने की पहल करते हुए बढ़ावा देने जरूरत है। उन्होंने कहा कि इनोवेशन के माध्यम हम रोजगार देने वाले की भूमिका निभाएं, इस संकल्प के साथ निरंतर नवाचार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़े।

### बस्तर अब शांति और....

जोड़ने के लिए सामुदायिक प्रयास करने कहा। वहीं समाज के अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुँचाने के लिए सार्थक प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आजीविका संवर्धन के लिए स्थानीय उत्पादों, वनोपज और पारंपरिक कौशल को बढ़ावा देने की दिशा में नए-नए प्रयोग किए जाएं, वहीं जैविक खेती तथा बकरीपालन, कुक्कुटपालन, मछलीपालन आदि कृषि के आनुषांगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करें। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कोसा का मूल्य संवर्धन के पहल किया जाए और कोसा वस्त्र के डिजाइन में बदलाव कर इसे अधिक आकर्षक बनाया जाए। उन्होंने महिला स्व सहायता समूहों को मशरूम, अदरक, हल्दी की खेती हेतु प्रेरित करने सहित इन समूहों को अलग-अलग सीजन के लिए पृथक-पृथक उत्पाद तैयार करने के साथ ही बाजार से जोड़ने कहा। जिससे युवाओं के साथ महिलाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सके और आत्मनिर्भरता को बल मिले।

### जीत पर भाजपा ....

ठाकुर, घनश्याम ठाकुर, बुटकी कश्यप,सुदरू सेठिया, तुलसी सिन्हा, धनसिंह ठाकुर,सीताराम, मंगीराम बेंजाम, निरंजन बघेल, पप्पू,सहित अन्य भाजपाई पदाधिकारी एवं कर्मठ व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों को मिला किसान किताब जन्म प्रमाण पत्र और राशन कार्ड



**कोंटा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत कोंटा विकासखंड के ढोंढरा और डब्बाकोंटा में सोमवार को ग्रामस्तरीय शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी सहित एसडीएम कोंटा सुभाष शुक्ला, तहसीलदार इरशाद अहमद, योपेंद्र पात्रे और जनपद सीईओ सुमित ध्रुव की उपस्थिति रहे । प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया। कलेक्टर अमित कुमार के नेतृत्व में शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही जन्म प्रमाण पत्र, किसान किताब, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड बनाकर वितरित किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीणों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे और योजनाओं का लाभ सीधे घर-द्वार तक पहुंच रहा है।

### भारतीय किसान संघ नगर निगम का घेराव करेगा 11 को

**बस्तर।** भारतीय किसान संघ नगर निगम जगदलपुर कार्यालय का घेराव 11 मई को करेगा। संजय बाजार स्थल शिव मंदिर के पास मुख्य सड़क पर धरना प्रदर्शन कर कार्यालय का घेराव कर 1 बजे धरना प्रदर्शन कर नगर निगम कार्यालय तक रैली निकाली जाएगी। भारतीय किसान संघ बस्तर के अध्यक्ष नील कुमार बघेल के नेतृत्व में संजय बाजार स्थल में सब्जी विक्रेता किसानों को हो रही परेशानी के सम्बन्ध में नगर निगम कार्यालय को दो पत्र प्रेषित किया गया था। जिसका जवाब आज तक नहीं आया है। सब्जी विक्रेता किसानों खासकर महिलाओं को पेयजल और स्वच्छता संबंधी किसानों को प्रशासन सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई है।

### निधन

#### राजीव देवांगन

**जगदलपुर।** स्व. कृष्ण गोपाल देवांगन के द्वितीय पुत्र राजीव देवांगन का आकस्मिक निधन 3 मई को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार कुड़कानार गांव में 4 मई को किया गया। वे अपने पीछे पत्नी, माता तथा दो भाई का भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



# पूर्णकालिक कर्मचारी करेंगे कलेक्टर कार्यालय घेराव, मुख्यमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

बस्तर जिला स्कूल, आश्रम छात्रावास शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ 5 मई को कलेक्टर कार्यालय का

- 5-6 माह से वेतन अप्राप्त, आर्थिक संकट से जूझ रहे कर्मचारी

घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। 2014 में सीधी भर्ती से नियुक्त पूर्णकालिक कर्मचारियों ने प्रेस रिलीज



जारी किया है। कर्मचारियों का कहना है कि वे पूर्णकालिक होने के बावजूद पिछले 5-6 माह से वेतन प्राप्त नहीं कर पाए हैं, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 की संपूर्ण श्रम सम्मान राशि 4000 प्रति माह भी आज तक लंबित है। कर्मचारी संघ ने अपने प्रेस रिलीज में बताया कि विभाग द्वारा बार-बार बजट की कमी का हवाला दिया जा रहा है, जबकि दूसरी ओर बड़ी संख्या में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की भर्ती की गई है। सूचना का अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार इन भर्तियों में पारदर्शिता पर भी गंभीर प्रश्न उठते हैं। संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि उन्हें किसी भी कर्मचारी की नियुक्ति से आपत्ति नहीं है, लेकिन अनियंत्रित भर्ती के कारण यदि नियमित कर्मचारियों का वेतन रोका जाता है, तो यह पूरी तरह अन्यायपूर्ण है, कर्मचारियों कि मांगे है कि लंबित 5-6 माह के वेतन का तत्काल भुगतान, वर्ष 2024-25 की पूर्ण श्रम सम्मान राशि का अविलंब भुगतान, दैनिक वेतन भोगी भर्ती की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच, नियमित वेतन भुगतान हेतु पृथक बजट की व्यवस्था, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस दौरान संघ के सभी सदस्य कर्मचारी उपस्थित रहेंगे और अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करेंगे।

## दूर-दराज के गांवों से देवी-देवताओं को लेकर पहुंचे ग्रामीण

# मेले में दिखी आदिवासी लोक संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दक्षिण बस्तर अंचल की प्रसिद्ध गीदम मेला मड़ई का प्रारंभ शनिवार को हुआ। नगर के इस मेला मड़ई में दूरदराज इलाके के लगभग 40 से भी अधिक गांव के ग्रामीण अपने आराध्य देवी-देवताओं के साथ शामिल होते हैं। उनके साथ ही पुजारी, सिरहा, गुनिया, गायता भी इस प्रसिद्ध मेला मड़ई में पहुंचते हैं। गीदम ब्लॉक मुख्यालय की इस मेला मड़ई के

- आदिवासी नृत्य, उड़िया नाटक व चलचित्र का किया प्रदर्शन



बारे में कहा जाता है कि इस मेला मड़ई के संपन्न होने के बाद ही दक्षिण बस्तर अंचल में मेला मड़ई का समापन होता है।

बस्तर अंचल में मेला मड़ई का अपना ही महत्व होता है। प्राचीन काल से ही मेला मड़ई ग्रामीणों के लिए अपने रिश्तेदारों से मिलने, जरूरी सामान खरीदने का साधन हुआ करते हैं। मेला मड़ई को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है जिनकी देखरेख में मेला का आयोजन किया जाता है। मेला मड़ई में पेयजल सुविधा व अन्य व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर प्रशासन की होती है वही कानून व्यवस्था पुलिस प्रशासन संभालता है। अंचल में आयोजित होने वाले मेला मड़ई में रात में पारंपरिक नृत्य एवं नाट की प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस बार तीन दिवसीय गीदम मेला मड़ई में शनिवार को मां दंतेश्वरी की डोली नगर पहुंची। जहां मां की डोली का भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद भैरमबाबा मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात माई जी की डोली के साथ नगर की परिक्रमा की गई। इसे स्थानीय भाषा मे परघाव कहा जाता है। लोगों की मान्यता है कि माता की डोली के नगर भ्रमण से नगर में सुख समृद्धि व शांति आती है। नगर परघाव में माता की डोली के साथ आदिवासी ढोल नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। माता के डोली के दर्शन के लिए नगर की जनता का हुजूम उमड़ पड़ा। सभी माता के दर्शन के लिये आतुर दिखाई दिए। मां दंतेश्वरी स्तम्भ में ध्वजारोहण किया गया। शाम के समय आदिवासी नृत्य, उड़यि नाट्य व चलचित्र का प्रदर्शन किया जायेगा।

इस दौरान विधायक चैतराम अटामी, नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामी सहित सभी जन प्रतिनिधि व नगर के सभी गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### हारम चौक में मां के छत्र की आतिशबाजी के साथ स्वागत



जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम के तीन दिवसीय मेले में शामिल होने मां दंतेश्वरी का छत्र नगर पहुंचा। नगर के हारम चौक पहुंचने पर माई जी के छत्र की आतिशबाजी के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। गौरतलब है कि गीदम मेले में शामिल होने मां दंतेश्वरी का छत्र प्रति वर्ष आता है इसी परंपरा अनुसार माई जी का छत्र गीदम पहुंचा। मेला स्थल पर मां के छत्र की स्थापना के बाद आरती पूजन किया गया । इसके पश्चात पहले दिन शनिवार को जसगीत व माता सेवा का दैनिक बाजार प्रांगण में स्थित गणेश मंडप में भजन कीर्तन किया गया। इसके पश्चात दूसरे दिन रविवार को सायं 4 बजे भैरव मंदिर में पूजा एवं मां दंतेश्वरी स्तंभ में ध्वजारोहण पश्चात नगर परिक्रमा कर सायं 7 बजे माई दंतेश्वरी तथा क्षेत्रीय देवी देवताओं की पूजा एवं आरती की गई। उसके पश्चात आदिवासी नृत्य एवं ओड़यि नाट्य व चल चित्र का प्रदर्शन किया गया । गीदम मेले के अंतिम दिन सोमवार को सुबह 7 बजे से हवन पूजन आरती के पश्चात मांई दंतेश्वरी एवं क्षेत्रीय देवी देवताओं की विदाई की गई साथ ही गीदम मेले का समापन हुआ ।

### समाज को एकजुट होकर विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मधोता के मूंडकटियापारा में कोया कुटमा माड़िया समाज मधोता जोन बस्तर की ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य

- ब्लॉक स्तरीय कोया कुटमा समाज की हुई बैठक, सांसद रहे मौजूद

समाज को जागरूक करना, नियमावली लागू करना एवं समाज भवन की मांग को लेकर रखा गया था। बैठक में कोया समाज भवन निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई गई। साथ ही समाज में जोन स्तरीय नियमावली को प्रभावी रूप से लागू करने पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने शिक्षा, सामाजिक कुरीतियों की समाप्ति और युवाओं को संगठित कर मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर दिया। सांसद महेश कश्यप ने समाज को एकजुट होकर विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कोया कुटमा समाज के सदस्य पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। इसके अलावा जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, मधोता जोन के संरक्षक मंगलू राम भंडारी, अध्यक्ष हुकु राम भंडारी, संरक्षक डोई राम कश्यप, बालसिंह सोरी, सोनू राम भंडारी, महादेव लेखामी, खल्लू कश्यप, लच्छू कुचामी, लखमू कश्यप, जिला पदाधिकारी महेन्द्र भंडारी, उपाध्यक्ष सुक्स देवा पोयाम, बुधन कश्यप, गागा नाग, सम्पत कश्यप, लल्लू कश्यप सहित समाज के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## बंगाल की जीत पर दरभा मंडल में मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए 4 मई का दिन जश्न रहा, अन्य क्षेत्रों के भाजपा कार्यकर्ताओं के तरह भाजपा दरभा मंडल के भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी सुबह से ही टीवी स्क्रीन और मोबाइल स्क्रीन पर नजरे गढ़ाये हुए थे।

जैसे जैसे विधानसभा चुनाव परिणाम विशेष कर बंगाल विधान सभा चुनाव का परिणाम भाजपा के पक्ष मे मजबूत होता गया वैसे वैसे भाकजा कार्यकर्ताओ का जोशो जूनून बढ़ता गया और भारत माता की जय घोस और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे सर चढ़ने लगा धीरे धीरे कार्यकर्ताओ की संख्या बढ़ने लगी और विजय रैली के रूप मे बदल गई जिन्होने कामानार गाँव से नेगानार चौक तक भाजपा के झंडे के साथ बाइक रैली की और नेगानार चौक मे आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे कों जीत की बधाई दी। इस जीत की ख़ुशी मे दरभा जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश एवं जनपद सदस्य गागरा राम नाग, ने लोंगो कों मिष्टांन वितरण किया।



# सरस्वती शिशु मंदिर का परिणाम रहा शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम के कक्षा 5वीं व 8वीं की परीक्षाओं का जिला स्तरीय बोर्ड परीक्षा का परिणाम प्राप्त हुआ। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय में प्रथम, द्वितीय, स्थान प्राप्त किए भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय समिति के अध्यक्ष विजय प्रसाद तिवारी, व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, सह सचिव सुरेश जय सिंघानी ने समिति की ओर से सभी भैया बहन व आचार्यो को शुभकामनाएं दी। विद्यालय समिति के सदस्यों ने कहा कि इसका संपूर्ण श्रेय विद्यालय के आचार्य व दीदीयो को जाता हैं जो भैया बहनों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार अनुशासन का पाठ भी पढ़ाते हैं। सभी को समिति की ओर से धन्यवाद। शिशु मंदिर की बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम प्रारंभ से आज पर्यंत तक शत -प्रतिशत रहा है जो नगर के लिए गौरव का विषय है। इस विद्यालय में पढ़े भैया बहन जिला संभाग में अपना वर्चस्व कायम किए हैं। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने कहा कि विद्यालय परिवार की ओर से सभी भैया बहनों को बहुत-बहुत बधाई। इस विद्यालय में पढ़कर निकले भैया बहन सरकारी कार्यालय में उच्च पदों पर रहकर लगन निष्ठा के साथ सेवाएं दे रहे हैं जो अनुकरणीय है।



पंचम कक्षा में कुल दर्ज संख्या 56 उत्तीर्ण 56 परिणाम 100 प्रतिशत, कक्षा अष्टम में कुल दर्ज संख्या 39 उत्तीर्ण 39 परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।पंचम में प्रथम श्रेयांश विश्वकर्मा, द्वितीय यशी नेताम व वर्षा नेताम, तृतीय देवांश कुमार नेताम रहे। वही अष्टम में प्रथम रोली चंद्राकर, द्वितीय जीत प्रकाश साहू, तृतीय कृष्णा गुप्ता रहे।

# 31 हितग्राहियों को योजना का फौरन लाभ दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने सोमवार को दंतेवाड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत फुलनार में आयोजित बस्तर मुन्ने अग्रणी बस्तर अभियान शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चिन्हित 31 हितग्राही मूलक योजनाओं के माध्यम से पात्र सभी ग्रामीणों को लाभान्वित कर शत-प्रतिशत सेचुरेशन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।



कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शिविरों में आधार पंजीयन से वंचित ग्रामीणों का अनिवार्य रूप से पंजीयन कराया जाए, ताकि उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार मान्यता पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सॉइल हेल्थ कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविरों में आधार ऑपरेटरों सहित सभी विभागों के मैदानी कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य हो, जिससे ग्रामीणों के छोटे-छोटे कार्य मौके पर ही पूर्ण किए जा सकें। कलेक्टर ने शिविर के दौरान गाँव में बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, सड़क, स्कूल एवं आंगनवाड़ी भवनों की स्थिति की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व, श्रम, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास आंगनबाड़ी, मनरेगा, डाक विभाग तथा एनआरएलएम सहित सभी संबंधित विभाग सूचीबद्ध पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए समन्वय पूर्वक कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ प्रदीप पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### महतारी वंदन योजना से सशक्त मातृत्व ग्राम इदवाड़ा की हितग्राही की प्रेरक गाथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सेक्टर कुटरू अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्र इदवाड़ा, जो नियद नेल्लानार ग्राम में चिन्हांकित है तथा इंद्रावती नदी के पार स्थित दूरस्थ क्षेत्र में आता है। वहां महतारी वंदन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन परिलक्षित हो रहा है।



इस केंद्र से लाभान्वित हितग्राही श्रीमती कोपे अर्की (उम्र 26 वर्ष) पति शेखर अर्की, योजना के सकारात्मक प्रभाव का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। श्रीमती कोपे अर्की को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रति माह 1000 की राशि का नियमित भुगतान प्राप्त हो रहा है, जिससे उनके गर्भावस्था काल से लेकर प्रसव उपरांत अवधि तक आवश्यक आर्थिक संबल उपलब्ध हुआ। इस वित्तीय सहयोग के फलस्वरूप उन्हें गर्भावस्था के दौरान बाह्य श्रम में संलग्न होने की आवश्यकता नहीं पड़ी, जिससे मातृ स्वास्थ्य संरक्षण सुनिश्चित हुआ। प्राप्त राशि का समुचित उपयोग करते हुए उन्होंने अपने दैनिक आहार में पोषक तत्वों से युक्त खाद्य सामग्री को सम्मिलित किया, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार परिलक्षित हुआ। वर्तमान में वे अपनी नवजात बालिका का गृह स्तर पर समुचित देखभाल कर रही हैं तथा स्तनपान के माध्यम से शिशु के पोषण की सतत व्यवस्था सुनिश्चित कर रही हैं।

# मछली पालन से दंतेवाड़ा के राजू राम ने लिखी समृद्धि की नई इबारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के दंतेवाड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम कंवलनार के कृषक राजू राम भवानी आज ग्रामीण आजीविका के एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरे हैं। वर्ष 2023 से उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद मछली पालन को अपनाया और अपनी मेहनत से इसे आय का सशक्त माध्यम बना दिया। लगभग 25 से 30 डिसमिल भूमि में तालाब का निर्माण कर उन्होंने रोहू, कतला और फंगस जैसी मछलियों का पालन शुरू किया।



शुरुआत में चुनौतियां जरूर थीं, लेकिन निरंतर प्रयास, सीखने की ललक और विभागीय मार्गदर्शन ने उनके हौसलों को मजबूती दी। परिणामस्वरूप, वर्ष 2023-24 से अब तक वे 50 से 60 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर चुके हैं। यह न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रहा है, बल्कि आसपास के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रहा है।

सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम केशापुर में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में उनके प्रयासों को विशेष पहचान मिली। इस अवसर पर मत्स्य पालन विभाग द्वारा मत्स्य पालन प्रसार कार्यक्रम के तहत उन्हें मछली आखेट हेतु एक जाल अतिथियों के करकमलों से प्रदान किया गया। यह सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास और आगे बढ़ने के संकल्प का प्रतीक है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड से मिली सहायता ने भी उनके कार्य को गति दी। आज राजू राम भवानी यह साबित कर रहे हैं कि सही मार्गदर्शन, योजनाओं का लाभ और मेहनत से ग्रामीण क्षेत्र में भी समृद्धि की नई राह बनाई जा सकती है।

# तेंदूपत्ता खरीदी का शुभारंभ, संग्राहकों का तिलक लगाकर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित बीजापुर के अंतर्गत संचालित प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में 1 मई 2026 से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य की शुरुआत हो चुकी है। सबसे पहले भैरमगढ़ समिति के फड़ों में खरीदी कार्य प्रारंभ किया गया, फड़ में पहुंचे संग्राहकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया जिससे संग्राहक उत्साहित नजर आए। भैरमगढ़ के अलावा अन्य फड़ों में भी आगामी 1-2 दिनों के भीतर यह कार्य शुरू होने की तैयारी है। तेंदूपत्ता तोड़ाई को लेकर संग्राहकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। अधिक से अधिक संग्रहण करने के उद्देश्य से संग्राहक पूरे जोश के साथ कार्य में जुटे हैं। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं, फील्ड में अच्छी गुणवत्ता वाले पत्तों की भरपूर उपलब्धता देखी जा रही है। नई तेंदूपत्ता नीति के तहत संग्राहकों को सीधे उनके खातों में पारिश्रमिक राशि भुगतान किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और सुविधा दोनों सुनिश्चित होंगी। फड़ों में आवश्यक उपकरण एवं सामग्री की भी पर्याप्त व्यवस्था कर दी गई है। जिला यूनियन के अंतर्गत 28 समितियों के 45 लॉटों के 582 फड़ों में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की पूरी संभावना जताई जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि बेहतर गुणवत्ता के तेंदूपत्ता संग्रहण से ग्रामीणों को अधिकाधिक लाभ मिलेगा और उनकी आय में भी वृद्धि होगी।





# तूफान, बारिश व आकाशीय बिजली ने बरपाया कहर, सीआरपीएफ के दो कैम्प धराशायी

## प्राकृतिक आपदा से सरकारी बुनियादी ढांचे और उपकरणों को पहुंची क्षति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

रविवार शाम भयंकर तूफान व मूसलाधार बारिश ने सीआरपीएफ के दो कैम्प में भारी नुकसान पहुंचाया। जनहानि नहीं हुई लेकिन प्राकृतिक आपदा से लाखों के नुकसान का अनुमान है। तूफान की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कैम्प के स्टोर की छत उड़ गई तथा सीमाई दीवार ढह गई और सिग्नल मस्ट व जीटी एंटीना जैसे महत्वपूर्ण संचार उपकरणों को भारी क्षति पहुंची है। भारी जलभराव के कारण कंप्यूटर, टीवी और कई महत्वपूर्ण आधिकारिक दस्तावेज भी खराब हो गए।

जानकारी के मुताबिक बीजापुर जिले के पामेड़ थाना क्षेत्र में रविवार शाम लगभग पांच बजे तूफान, मूसलाधार बारिश और वज्रपात ने 212 वीं बटालियन सीआरपीएफ के धर्मावरम और चिंतावागु कैंप को अपनी चपेट में लिया। इस प्राकृतिक आपदा से सरकारी बुनियादी ढांचे





और उपकरणों को व्यापक क्षति पहुंची है। राहत की बात यह है कि किसी भी जवान के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। धर्मावरम कैंप में तूफान की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कंपनी स्टोर की छत उड़ गई और सीमा दीवार ढह गई और सिग्नल व एंटीना जैसे महत्वपूर्ण संचार उपकरणों को भारी क्षति पहुंची है। भारी जलभराव के कारण कंप्यूटर, एलईडी टीवी और कई महत्वपूर्ण आधिकारिक दस्तावेज खराब हो गए। चिंतावागु कैंप में बिजली गिरने से हुए शॉर्ट सर्किट के कारण 30 केवी का जनरेटर सेट जल गया और अधिकारियों के मेस सहित संतरी पोस्टों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा। तूफान के बाद सीआरपीएफ प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। सीआरपीएफ का पूरा प्रयास आधिकारिक रिकॉर्ड को सुरक्षित करना और कैंपों में पूर्ण परिचालन व संचार व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल करना है।

## खबर संक्षेप

### ज्ञानगुड़ी में अग्निवीर भर्ती परीक्षा का प्रशिक्षण शुरू



**जगदलपुर।** धरमपुरा स्थित ज्ञानगुड़ी में अग्निवीर थलसेना की लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन कोचिंग का शुभारंभ हो चुका है, जिससे अब स्थानीय युवाओं की तैयारी ने रफ्तार पकड़ ली है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जगदलपुर द्वारा संचालित यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 मई से शुरू होकर आगामी 4 जून तक निरंतर जारी रहेगा। इस एक माह के सघन क्रैश कोर्स का मुख्य उद्देश्य बस्तर के युवाओं को सेना की आधुनिक ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा के पैटर्न से रूबरू कराना है। प्रशासन ने इस अभियान की गंभीरता को देखते हुए तकनीकी संसाधनों और विषय विशेषज्ञों के चयन पर विशेष जोर दिया है, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के अनुरूप हो। प्रशिक्षण के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन ने पहले ही अनुभवी कोचिंग संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए थे, जिसके तहत चयनित विशेषज्ञ अब युवाओं को परीक्षा की बारीकियां सिखा रहे हैं। जो संस्थाएं इस पुनीत कार्य में सहभागी बनना चाहती हैं, उनके लिए प्रशासन ने आवेदन की प्रक्रिया को भी सुगम बनाया है। इच्छुक शैक्षणिक संस्थान आड़ावाल स्थित कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या विभागीय ईमेल के माध्यम से अपने प्रस्ताव साझा कर रहे हैं।

### 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान आवासीय शिविर कल से

**जगदलपुर।** दंतेवाड़ा जिले के गीदम में दस दिवसीय विपश्यना ध्यान आवासीय निःशुल्क शिविर 6 मई की शाम से शुरू होकर 17 मई तक सुबह 7 बजे सम्पन्न होगा। इसमें साधक को 10 दिवस तक शिविर स्थल पर ही रहना अनिवार्य होगा। विपश्यना ध्यान से कई फायदे जैसे मानसिक तनाव में कमी, कार्य क्षमता में वृद्धि, निर्णय लेने की क्षमता में सुधार तथा नैतिक मूल्यों का विकास होता है।

## केशलूर के झाड़ा सिरहा चौक में किया गया प्रतिमा पर माल्यार्पण

# आदिवासी समाज के सच्चे जननायक रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

मुरिया विद्रोह स्मृति दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज एवं मुरिया समाज के संयुक्त तत्वावधान में मुरिया सदन जगदलपुर में कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर बस्तर के आदिवासी जननायक एवं स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत अमर शहीद वीर झाड़ा सिरहा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके जन्मस्थली ग्राम बड़े आरापुर में श्रद्धांजलि अर्पण के साथ हुई जहां समाज के लोगों ने उनके योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। इसके पश्चात केशलूर स्थित झाड़ा सिरहा चौक में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शहर के सिरहासार चौक में भी समाज प्रमुखों एवं लोगों की उपस्थिति में शहीद वीर झाड़ा सिरहा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

■ अंग्रेजों से लड़ते हुए वीरगति प्राप्त की

इसके अलावा डेबरीधुर पार्क एवं गुंडाधुर पार्क में भी सेवा अर्जी दी गई। धरमपुरा स्थित मुरिया सदन में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां समाज के वरिष्ठ जनों, युवाओं एवं विभिन्न गांवों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर झाड़ा सिरहा के वंशज बलबीर सिंह कच्छ ने उनके जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वीर झाड़ा सिरहा आदिवासी समाज के सच्चे जननायक थे। लगभग 150 वर्ष पूर्व उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत और शोषणकारी नीतियों के खिलाफ आदिवासियों को संगठित कर विद्रोह का नेतृत्व किया था।



### अंग्रेजों से लड़ते हुए बलिदान हुए

बताया गया कि वर्ष 1876 में अंग्रेज अधिकारियों के साथ बातचीत के दौरान यह भरोसा दिलाया गया था कि आदिवासी अपनी समस्याएं राजा के समक्ष प्रस्तुत करेंगे और कानून अपने हाथ में नहीं लेंगे। इसी क्रम में 4 मार्च 1876 को जगदलपुर में पहली बार मुरिया दरबार की स्थापना की गई जो आदिवासियों के लिए अपनी बात रखने का एक महत्वपूर्ण मंच बना। सिरहासार भवन जिसे पहले सिरहा खोली कहा जाता था इसी ऐतिहासिक प्रक्रिया का केंद्र रहा। संभागीय अध्यक्ष संतु मौर्य ने बताया कि झाड़ा सिरहा ने अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचारों और बस्तर प्रशासन की कमजोरियों को उजागर किया। उनके नेतृत्व में आदिवासियों ने संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष किया। अंततः मई 1876 में इंद्रावती नदी के किनारे अंग्रेजी फौज से लड़ते हुए उन्होंने वीरगति प्राप्त की।

झाड़ा सिरहा का जन्म बस्तर जिले के बड़े आरापुर गांव में एक माटी पुजारी परिवार में हुआ था। उन्हें पारंपरिक जड़ी-बूटियों का गहरा ज्ञान था, जिससे वे लोगों का उपचार करते थे और इसी कारण उन्हें झाड़ा सिरहा के नाम से जाना जाने लगा। उनके पिता एक परगना के मांझी थे। पिता की मृत्यु के बाद यह जिम्मेदारी झाड़ा सिरहा को मिली और उन्होंने इसे निष्ठा और कुशलता से निभाया। उनके नेतृत्व में समाज में न्याय, संगठन और जागरूकता का विस्तार हुआ। उस समय अंग्रेजी शासन द्वारा बस्तर की प्राकृतिक संपदा का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा था। साथ ही सामंतवाद और जमींदारी प्रथा के माध्यम से आदिवासियों का शोषण बढ़ता जा रहा था। इन अन्यायपूर्ण नीतियों के खिलाफ झाड़ा सिरहा ने खुलकर आवाज उठाई और विद्रोह का बिगुल फूंका। इस आंदोलन में बस्तर संभाग के अनेक गांवों के मांझियों और आदिवासी समाज ने उनका साथ दिया।

### जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष किया

उनका बलिदान आज भी बस्तरवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के वरिष्ठ सदस्य मंधर नाग ने कहा कि झाड़ा सिरहा ने अंतिम सांस तक अपने समाज के लिए संघर्ष किया और आदिवासियों को एकजुट कर जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन संघर्ष और बलिदान आज भी समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है। मुरिया विद्रोह स्मृति दिवस के अवसर पर समाज के लोगों ने एकजुटता, संस्कृति संरक्षण और अधिकारों के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि यह दिन केवल स्मरण का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास और गौरवशाली विरासत से जोड़ने का अवसर भी है।

### उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प

कार्यक्रम के अंत में सभी ने अमर शहीद वीर झाड़ा सिरहा के बलिदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस दौरान बलबीर सिंह कच्छ, सामू मौर्य, संतू मौर्य, सोमारू बघेल, तुलाराम कश्यप,मनधर नाग,सामु मौर्य,अनिल नाग, तुलसी बघेल, अमृत कश्यप, लखेश्वर कश्यप, संतु मौर्य,मनधर बघेल, बामदेव भारती, बनंसिह मौर्य, लक्ष्मी नाग, पूरन सिंह कश्यप, कमलेश कश्यप, रूपचंद नाग एवं अन्य सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपाइयों ने मनाया जीत का जश्न

## भाजपा कार्यालय में थिरकते रहे नेता और कार्यकर्ता





हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

पश्चिम बंगाल में पहली बार भारी बहुमत से सरकार बनने और असम में तीसरी बार हेमंत बिस्वा शर्मा के सीएम बनने के साथ पुडुचेरी में कमल खिलने की खुशी भाजपाइयों ने जमकर मनाई। शाम 4 बजे भाजपा कार्यालय में जुटे भाजपाई एक दूसरे को बधाई देते थिरकते रहे। महिलाओं में भी गजब का उत्साह दिखा। उन्होंने ममता बेनर्जी के हार को जरूरी बताते पश्चिम बंगाल में शांति और समृद्धि का राज आने की बात कही। इस मौके पर महापौर संजय पाण्डेय, बेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, अजजा आयोग अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, पूर्व महापौर सफीरा साहू, महिला अध्यक्ष सुधा मिश्रा, पदमा राणा, बिजली बैद्य, लक्ष्मी कश्यप, राजेंद्र बाजपेई, आनंद झा, प्रकाश झा, दिगंबर राव, मनोहर तिवारी, राजपाल कसेर, नरसिंह राव, संग्राम राणा, रजनीश पाणीग्राही, खेम सिंह देवांगन, पिंटू साव, मनीष पारख, तपन देवांगन, संजय विश्वकर्मा, आलोक अवस्थी सहित बड़ी संख्या में नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बस्तर में बीमा व्यवसाय की अपार संभावनाएं: तिवारी

सीनियर ब्रांच मैनेजर को विदाई और नए का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



भारतीय जीवन बीमा निगम के सीनियर ब्रांच मैनेजर विजय तिवारी के पदोन्नति के साथ रायपुर मंडल कार्यालय में मैनेजर सेल्स बनने पर अभिकर्ता संघ ने स्मृति चिन्ह देकर उन्हें विदाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं कोंडागांव सेटेलाइट ब्रांच से पदोन्नत होकर जगदलपुर के सीनियर ब्रांच मैनेजर का पदभार ग्रहण करने पर एम गोपाल राव का पुष्पगुच्छ से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस मौके पर एबीएम विकास पांडेय, अभिकर्ता संघ के अध्यक्ष सुकुमार धर समेत बड़ी संख्या में मुख्य जीवन बीमा सलाहकार और अभिकर्ता मौजूद रहे। लगभग 2 साल की सेवा देने वाले विजय तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि बस्तर में काम करना काफी सौभाग्यशाली मानता हूं। यहां बीमा व्यवसाय की अपार संभावनाएं हैं।

वहीं अभिकर्ता साथी मेहनत और व्यवहार से हर लक्ष्य को पूरा कर संस्था को आगे ले जाने में हर संभव प्रयास करते हैं। एम गोपाल राव ने कहा कि कोंडागांव में कार्य के बाद अब जगदलपुर में काम करना है। बस्तर मेरे लिए नया नहीं है क्योंकि कोंडागांव और जगदलपुर के सभी अभिकर्ता पहले से जान पहचान के हैं। उन्होंने शाखा को ऊंचाई पर ले जाने के लिए सभी से इसी तरह योगदान देने की अपेक्षा की।



### राज्यपाल ने किया पौधा रोपण

**जगदलपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया। इस दौरान कलेक्टर, एसपी, डीएफओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### स्वास्थ्य शिविर में 181 लोगों का उपचार

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में शनिवार को धरमपुरा स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 181 नागरिकों ने जांच कराई और निःशुल्क दवाइयों का लाभ प्राप्त किया। शिविर में टीबी संक्रमण की त्वरित पहचान की गई। जिसके तहत उच्च जोखिम वाले 96 लोगों का पोर्टेबल मशीन के माध्यम से मौके पर ही एक्स-रे परीक्षण किया गया। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश ध्रुव एवं फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. रेखा चौहान ने हड्डियों और जोड़ों के दर्द से पीड़ित 43 मरीजों का उपचार किया।

# तेलिन सत्ती महोत्सव भव्य रूप से मनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

आगामी 17 मई को केशकाल घाटी स्थित तेलिन सत्ती मंदिर में आयोजित होने वाले तेलिन सत्ती महोत्सव को लेकर बस्तर अंचल में तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इसी कड़ी में जिला साहू संघ कांकेर की बैठक की गई। जिसमें महोत्सव की रूपरेखा और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि युवा प्रकोष्ठ कांकेर द्वारा लगभग 200 मोटरसाइकिल और स्कूटी के साथ केशकाल तक भव्य रैली के साथ कार्यक्रम में शामिल होगी। बैठक में जिलाध्यक्ष बंशीलाल साहू के नेतृत्व में कोंडागांव जिलाध्यक्ष राजेश साहू एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व संयुक्त सचिव गिरिजाशंकर साहू उपस्थित रहे। वक्ताओं ने महोत्सव को सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बताते हुए इसे भव्य रूप से मनाने का आह्वान किया। साथ ही कांकेर जिले के प्रत्येक तहसील, परिक्षेत्र और ग्राम से समाज के लोगों को अनिवार्य रूप से शामिल होने का आग्रह किया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संतु सार्वा, सुश्री नीरा साहू, प्रियंका सार्वा, पूरन साहू, बलराम साहू, ईश्वर साहू, शिवप्रसाद साहू, चंद्रकांत साहू, गुलाब साहू, संत लाल साहू, रूपराम साहू चारामा, टीकम साहू, राजकुमार साहू, रोशन साहू, खेमनारायण गंजीर, परमेश्वर सार्वा, यानु साहू, पुरनेश्वर साहू, तुमेश्वरी साहू, विष्णु साहू, तुलाराम साहू, छवि साहू, किशन साहू, कृतिका साहू, भावना साहू, युक्ति साहू, रुपेश साहू, बंटी साहू, लीलेश साहू समेत बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

■ बैठक में पूरे बस्तर अंचल से सामाजिक बंधुओं के शामिल होने पर बनी रणनीति



# कांकेर में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 25 तक, 300 खिलाड़ी प्रतिभागी



**कांकेर।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ कांकेर के सिंगारभाठा स्थित जिला खेल परिसर में किया गया। यह शिविर 4 मई से 25 मई तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले के सैकड़ों खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरुण कौशिक एवं अध्यक्षता ग्राम पंचायत सिंगारभाठा की सरपंच कौशल्या नेताम ने की। अतिथियों द्वारा हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया गया।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य खिलाड़ियों को विभिन्न खेल गतिविधियों से जोड़ते हुए उनके शारीरिक, मानसिक और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। साथ ही उन्हें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है। शिविर में फुटबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, हैंडबॉल, कराटे, खो-खो, वॉलीबॉल और क्रिकेट जैसे खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का समय सुबह 6 बजे से 8 बजे तक तथा शाम 5 बजे से 7 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह प्रशिक्षण शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के खेल मैदान एवं जिला खेल परिसर सिंगारभाठा में आयोजित किया जाएगा।

# आत्मानंद में प्रवेश के लिए लॉटरी से होगा सीटों का आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

स्वामी विवेकानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जगदलपुर के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के रिक्त सीटों में 10 अप्रैल से 5 मई के बीच ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते है।

■ कोरोना में अनाथ हुए बच्चों को दी जाएगी प्राथमिकता

अंग्रेजी माध्यम में पहली कक्षा के लिए 50 रिक्त सीट उपलब्ध है। सीटों से अधिक आवेदनों की स्थिति में राज्य शासन के निर्देशानुसार पात्र विद्यार्थियों का लॉटरी के माध्यम से नियमानुसार सीटों का आबंटन किया जाएगा। बालिकाओं के लिए 50 प्रतिशत सीटें एवं बीपीएल बालक एवं बालिकाओं के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित है। शासन के महतारी दुलार योजनांतर्गत कोरोना महामारी में अनाथ हुए विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिसमें अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। अंग्रेजी माध्यम हेतु 4 मई तक कक्षा पहली के लिए 168 आवेदन प्राप्त हो चुके है। संस्था परिसर में शासन के नियमानुसार एवं संपूर्ण पारदर्शिता से अभिभावको और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के समक्ष 8 मई को कक्षा पहली के लिए लॉटरी सुबह 10 बजे से निकाला जाएगा। अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 11वीं गणित, जीव विज्ञान एवं वाणिज्य के 25-25 रिक्त सीटों के लिए बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित प्रवेश परीक्षा जून माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित की जाएगी और मेरिट लिस्ट द्वारा संकायवार प्रवेश दिया जाएगा। हिन्दी माध्यम प्रभाग में कक्षा पहली में 30 सीट, दूसरी में 10 सीट, तीसरी में 8 सीट, चौथी में 17 सीट, पांचवीं में 1 सीट, छठवी में 10 सीट, सातवीं में 5 सीट, आठवीं में 7 सीट, नवमी में 14 सीट, ग्यारहवीं गणित, जीव विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में 15-15-15 सीटें रिक्त है। अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी से चयन किया जाएगा।




